ए.12034/01/2016-ईपीआई/VI

भारत सरकार

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय

(स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग)

**अधिसूचना**

नई दिल्ली, तारीख 18/10/, 2016

संविधान के अनुच्छेद 309 के परन्तु द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए केन्द्रीय अनुसंधान संस्थान, कसौली (सोलन), स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में सहायक अभियंता (मैकेनिकल) और सहायक अभियंता (इंस्ट्रूमेंटेशन) पद पर भर्ती की पद्धति को विनियमित करने के लिए केन्द्र सरकार द्वारा प्रस्तावित भर्ती के निम्नलिखित प्ररूप नियम सभी सम्बद्ध व्यक्तियों के सूचनार्थ प्रकाशित किए जाते हैं तथा एतद्वारा सूचित किया जाता है कि प्ररूप भर्ती नियमों पर उन्हें स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय की वेबसाइट पर प्रकाशित किए जाने की तिथि से 30 दिनों के बाद ही विचार किया जाएगा।

केन्द्र सरकार द्वारा उपर्युक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर उक्त प्ररूप भर्ती नियम के संदर्भ में प्राप्त होने वाली आपत्तियों और सुझावों पर विचार किया जाएगा।

यदि कोई आपत्ति या सुझाव हो, तो उसे श्री बी.एल.मीना, अवर सचिव, कमरा सं. 508-डी, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय, निर्माण भवन, नई दिल्ली- 110108 को प्रेषित किया जाए तथा स्फाट कॉपी barjmohan.meena@nic.in पर भेजी जाए।

(बी.एल.मीणा)
अवर सचिव
दूरभाष- 23061436

अनुसूची

| पद का नाम | पद संख्या | वर्गीकरण | वेतन बैंड और ग्रेड वेतन या वेतनमान | चयन या अचयन पद | सीधी भर्ती किए जाने वाले व्यक्तियों के लिए आयु सीमा | सीधे भर्ती किए जाने वाले व्यक्तियों के लिए अपेक्षित शैक्षिक और अन्य अर्हताएं | सीधी भर्ती किए जाने वाले व्यक्तियों के लिए विहित आयु और शैक्षिक अर्हताएं प्रोन्नत व्यक्तियों की दशा में लागू होंगी या नहीं। | परिवीक्षा की अवधि, यदि कोई हो | भर्ती की पद्धति :भर्ती सीधे होगी या प्रोन्नति द्वारा या प्रतिनियुक्ति/आमेलन द्वारा तथाविभिन्न पद्धतियों द्वारा भरी जाने वाली रिक्तियों की प्रतिशतता |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) | (7) | (8) | (9) | (10) |
| सहायक अभियंता (मैकेनिकल) | 1*<br>*2016<br>कार्यभार के आधार पर परिवर्तन किया जा सकता है। | साधारण केन्द्रीय सेवा, समूह 'ख', राजपत्रित, अननुसचिवीय | लेवल-7, 4900-142400 रुपए | लागू नहीं होता। | लागू नहीं होता । | लागू नहीं होता । | लागू नहीं होता। | लागू नहीं होता। | प्रतिनियुक्ति द्वारा (जिसके अंतर्गत अल्पकालिक संविदा भी है)। |

| प्रोन्नति या प्रतिनियुक्ति अथवा आमेलन द्वारा भर्ती की दशा में वे श्रेणियां जिनसे प्रोन्नति या प्रतिनियुक्ति अथवा आमेलन किया जाएगा। | यदि विभागीय प्रोन्नति समिति है, तो उसकी संरचना। | भर्ती करने में किन परिस्थितियों में संघ लोक सेवा आयोग से परामर्श किया जाएगा। |
|---|---|---|
| (11) | (12) | (13) |
| **प्रोन्नति:** (अल्पावधि संविदा सहित)<br><br>केन्द्र सरकार अथवा राज्य सरकार अथवा संघ राज्य क्षेत्रों अथवा स्वायत्त संगठनों अथवा विश्वविद्यालयों अथवा सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रम/अर्ध-सरकारी अथवा सांविधिक संगठनों अथवा मान्यता-प्राप्त संगठनों के कर्मचारी:-<br><br>(क) (i) जो अपने मूल संवर्ग अथवा विभाग में नियमित आधार पर संतुल्य पद पर कार्यरत हो, अथवा<br>(ii) स्तर-6, 35400-112400 रुपए में नियमित आधार पर नियुक्ति के बाद दिए गए ग्रेड में पांच वर्ष का सेवाकाल अथवा मूल संवर्ग अथवा विभाग में समतुल्य तथा<br>(ख) जिसके पास निम्नलिखित शैक्षिक अर्हताएं एवं अनुभव हो:<br><br>अनिवार्य:-<br>एआईसीटीई द्वारा मान्यता-प्राप्त बोर्ड/ विश्वविद्यालय से मैकेनिकल इंजीनियरिंग में स्नातक डिग्री।<br><br>वांछनीय:-<br>1. प्रख्यात संगठन में कार्य का दो वर्ष का अनुभव होना चाहिए।<br>2. एचवीएसी व प्रशीतन उपकरण की भी अच्छी जानकारी होनी चाहिए।<br><br>अपेक्षित प्रलेखन को तैयार करने एवं संभालने की योग्यता के साथ सीजीएमपी विनियमों व दिशा-निर्देशों की अच्छी जानकारी होनी चाहिए। कम्पयूटर संबंधी जानकारी होनी चाहिए तथा वर्ड प्रोसेसर व स्प्रेड शीट सॉफ्टवेयर में काम करना आना चाहिए।<br><br>टिप्पणी 1: प्रतिनियुक्ति (जिसके अतंर्गत अल्पकालिक संविदा है) की अवधि, जिसके अंतर्गत केन्द्रीय सरकार के उसी या किसी अन्य संगठन या विभाग में इस नियुक्ति से ठीक पहले धारित किसी अन्य काडर बाह्य पद पर प्रतिनियुक्ति जिसके अंतर्गत अल्पकालिक संविदा है कि अवधि है साधारणतया 3 वर्ष से अधिक नहीं होगी ।<br><br>टिप्पणी 2: प्रतिनियुक्ति (जिसके अंतर्गत अल्पकालिक संविदा शामिल है) द्वारा नियुक्ति के लिए अधिकतम आयु सीमा आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तारीख को 56 वर्ष से अधिक नहीं होगी।) | लागू नहीं। | पदों को भरने के लिए संघ लोक सेवा आयोग से परामर्श करना आवश्यक है। |

(संख्या ए.12034/01/2016-ईपीआई)

(बी.एल. मीणा)
अवर सचिव, भारत सरकार

प्रबंधक,
भारत सरकार मुद्रणालय,
रिंग रोड, मायापुरी,
नई दिल्ली

## अनुसूची

| पद का नाम | पद संख्या | वर्गीकरण | वेतन बैंड और ग्रेड वेतन या वेतनमान | चयन या अचयन पद | सीधी भर्ती किए जाने वाले व्यक्तियों के लिए आयु सीमा | सीधे भर्ती किए जाने वाले व्यक्तियों के लिए अपेक्षित शैक्षिक और अन्य अर्हताएं | सीधी भर्ती किए जाने वाले व्यक्तियों के लिए विहित आयु और शैक्षिक अर्हताएं प्रोन्नत व्यक्तियों की दशा में लागू होंगी या नहीं। | परिवीक्षा की अवधि, यदि कोई हो | भर्ती की पद्धति :भर्ती सीधे होगी या प्रोन्नति द्वारा या प्रतिनियुक्ति/आमेलन द्वारा तथाविभिन्न पद्धतियों द्वारा भरी जाने वाली रिक्तियों की प्रतिशतता |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) | (7) | (8) | (9) | (10) |
| सहायक अभियंता (इंस्ट्रुमेंटेशन) | 1*<br>*2016<br>कार्यभार के आधार पर परिवर्तन किया जा सकता है। | साधारण केन्द्रीय सेवा, समूह 'ख', राजपत्रित, अनअनुसचिवीय | लेवल-7, 4900-142400 रुपए | लागू नहीं होता। | लागू नहीं होता । | लागू नहीं होता । | लागू नहीं होता। | लागू नहीं होता। | प्रतिनियुक्ति द्वारा (जिसके अंतर्गत अल्पकालिक संविदा भी है)। |

| प्रोन्नति या प्रतिनियुक्ति अथवा आमेलन द्वारा भर्ती की दशा में वे श्रेणियां जिनसे प्रोन्नति या प्रतिनियुक्ति अथवा आमेलन किया जाएगा। | यदि विभागीय प्रोन्नति समिति है, तो उसकी संरचना। | भर्ती करने में किन परिस्थितियों में संघ लोक सेवा आयोग से परामर्श किया जाएगा। |
|---|---|---|
| (11) | (12) | (13) |
| **प्रोन्नति:** (अल्पावधि संविदा सहित)<br><br>केन्द्र सरकार अथवा राज्य सरकार अथवा संघ राज्य क्षेत्रों अथवा स्वायत्त संगठनों अथवा विश्वविद्यालयों अथवा सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रम/अर्ध-सरकारी अथवा सांविधिक संगठनों अथवा मान्यता-प्राप्त संगठनों के कर्मचारी:-<br><br>(क) (i) जो अपने मूल संवर्ग अथवा विभाग में नियमित आधार पर संतुल्य पद पर कार्यरत हो, अथवा<br>(ii) स्तर-6, 35400-112400 रुपए में नियमित आधार पर नियुक्ति के बाद दिए गए ग्रेड में पांच वर्ष का सेवाकाल अथवा मूल संवर्ग अथवा विभाग में समतुल्य तथा<br>(ख) जिसके पास निम्नलिखित शैक्षिक अर्हताएं एवं अनुभव हो:<br><br><u>अनिवार्य:-</u><br>एआईसीटीई द्वारा मान्यता-प्राप्त बोर्ड/ विश्वविद्यालय से इंस्ट्रुमेंटेशन इंजीनियरिंग या इलेक्ट्रानिक्स और कम्यूनिकेशन में स्नातक डिग्री।<br><br><u>वांछनीय:-</u><br>1. प्रख्यात संगठन में कार्य का दो वर्ष का अनुभव होना चाहिए।<br>2. एचएमआई और स्कडा साफ्टवेयर की भी अच्छी जानकारी होनी चाहिए।<br><br>अपेक्षित प्रलेखन को तैयार करने एवं संभालने की योग्यता के साथ सीजीएमपी विनियमों व दिशा-निर्देशों की अच्छी जानकारी होनी चाहिए। कम्पयूटर संबंधी जानकारी होनी चाहिए तथा वर्ड प्रोसेसर व स्प्रेड शीट सॉफ्टवेयर में काम करना आना चाहिए।<br><br>टिप्पणी 1: प्रतिनियुक्ति (जिसके अतंर्गत अल्पकालिक संविदा है) की अवधि, जिसके अंतर्गत केन्द्रीय सरकार के उसी या किसी अन्य संगठन या विभाग में इस नियुक्ति से ठीक पहले धारित किसी अन्य काडर बाह्रय पद पर प्रतिनियुक्ति जिसके अंतर्गत अल्पकालिक संविदा है कि अवधि है साधारणतया 3 वर्ष से अधिक नहीं होगी ।<br><br>टिप्पणी 2: प्रतिनियुक्ति (जिसके अंतर्गत अल्पकालिक संविदा शामिल है) द्वारा नियुक्ति के लिए अधिकतम आयु सीमा आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तारीख को 56 वर्ष से अधिक नहीं होगी।) | लागू नहीं। | पदों को भरने के लिए संघ लोक सेवा आयोग से परामर्श करना आवश्यक है। |

(संख्या ए.12034/01/2016-ईपीआई)

(बी.एल. मीणा)

अवर सचिव भारत सरकार

प्रबंधक,
भारत सरकार मुद्रणालय,
रिंग रोड़, मायापुरी,
नई दिल्ली